नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

पेपर लीक पर छात्रों का फूटा गुस्सा

- राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन
- सैकड़ों छात्रों ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव

हरदा, 23 जुलाई. लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों और शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को हरदा में छात्रों का गुस्सा सड़कों पर दिखाई दिया.

सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया, कलेक्ट्रेट का घेराव किया और कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बार-बार होने वाले पेपर लीक ने देश के युवाओं का भरोसा तोड़ दिया है और लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य संकट में डाल दिया है. ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं, शिक्षा में भ्रष्टाचार और बढ़ते मानसिक दबाव के कारण युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है. उन्होंने पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने तथा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग की. छात्रों ने मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पद तत्काल भरने, ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने की मांग रखी.

ज्ञापन में केंद्र सरकार से आंदोलन की प्रमुख मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पद से हटाने पर विचार करने तथा पेपर लीक और शिक्षा माफिया के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग भी की गई.साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं से निराश होकर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई. प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की और कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा.

प्रदर्शन में धनसिंह भल्लावी, राहुल पवारे, सत्यनारायण सुचार, राकेश काकोड़िया, महेंद्र काशिव, मेहरा राजेश गौर, लोकेश कलमे, अतुल पंवार, सुनील खंडेल, रोहित कुमरे, रायसिंह परते, बादल शितोले, पवन निमोरे, संजना उइके, आरती मस्कोले, विद्या धुर्वे, पायल धुर्वे, प्रतिज्ञा उइके, कविता उइके सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

77 .28 लीटर अवैध शराब दो वाहन जब्त

- दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 77.28 लीटर अवैध शराब जब्त की है. पुलिस ने शराब की तस्करी में प्रयुक्त एक पल्सर मोटरसाइकिल और एक टीवीएस जुपिटर स्कूटी भी जब्त की है. जब्त किए गए माल की कुल कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई गई है.

थाना प्रभारी गौरव सिंह बुन्देला के नेतृत्व में यह कार्रवाई गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर की गई.पहले मामले में पुलिस ने संजय नगर ग्वालटोली निवासी 20 वर्षीय आनंद कामले को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गोवा ब्रांड अंग्रेजी शराब के 49 क्वार्टर, बोल्ट कंपनी की 48 बीयर केन और ऑफिसर्स चॉइस अंग्रेजी शराब के 47 क्वार्टर, कुल 41.28 लीटर अवैध शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल एमपी 05 जेडएल 3937 जब्त की. वहीं दूसरे मामले में ग्राम खरखेड़ी मिसरोद निवासी 19 वर्षीय मोहित गौर के कब्जे से चार पेटी देसी प्लेन शराब 200 क्वार्टर, कुल 36 लीटर अवैध शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस जुपिटर स्कूटी एमपी 05 जेडएफ 5702 जब्त की गई.

पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है.

कार्रवाई में थाना प्रभारी गौरव सिंह बुन्देला, उपनिरीक्षक नंदलाल झरबड़े, उपनिरीक्षक विशाल नागवे, प्रधान आरक्षक पवन तिवारी, अरुण दुबे, आरक्षक सतीश, कमलेश, अनुज, रोहन तथा महिला आरक्षक दीप्ती की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

एक नजर में

बिना आंधी-तूफान के गिरा विशाल बबूल का पेड़

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. गुरुवार सुबह करीब 11 :30 बजे मालाखेड़ी रोड पर कलेक्टर बंगले के सामने बबूल का एक विशालकाय पेड़ अचानक गिर गया . बिना किसी आंधी-तूफान के पेड़ गिरने से सड़क पूरी तरह बंद हो गई, जिससे लोगों को आने- जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा . करीब 40 से 45 मिनट तक यातायात बाधित रहा और वाहन चालकों को दूसरे रास्तों से निकलना पड़ा, गनीमत रही की पेड़ गिरने के दौरान कोई व्यक्ति या वाहन उसकी चपेट में नहीं आया .पेड़ गिरने से बिजली के तार भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे मालाखेड़ी रोड क्षेत्र की कई कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई . घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका और बिजली कंपनी की टीम मौके पर पहुंची .

आज निकलेगी नशा मुक्ति जागरूकता रैली

हरदा, 23 जुलाई. नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 ' अभियान के तहत आज 24 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 3 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली अस्पताल चौक, अंबेडकर चौक, आजाद थाना और सब्जी मंडी होते हुए नेहरू स्टेडियम पहुंचेगी। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है .

वेस्ट मटेरियल से खिलौने बनाने का प्रशिक्षण

हरदा, 23 जुलाई. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हरदा ग्रामीण-2 परियोजना में 'डू इट योर सेल्फ' प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई . इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पुराने कपड़े, कागज, गत्ता, मिट्टी सहित अन्य वेस्ट मटेरियल से खिलौने एवं शिक्षण सामग्री बनाना सिखाया गया। अधिकारियों ने खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा देने और प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में ईसीसी कॉर्नर विकसित करने के निर्देश दिए .

23 दिन बाद भी नहीं सुनी कर्मचारियों की फरियाद

हरदा, 23 जुलाई. नगर पालिका परिषद हरदा के नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने नगर पालिका कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया है . उन्होंने कहा कि 30 जून को कलेक्टर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) और नगर पालिका अध्यक्ष को कर्मचारियों की विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन 23 दिन बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई . रोचलानी ने बताया कि कर्मचारियों का दो माह का वेतन लंबित है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है . उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी समस्याएं लेकर अधिकारियों के पास जाने वाले कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायतें भी मिली हैं . उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की . उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के नियमितीकरण, लंबित वेतन व एरियर भुगतान, सातवें वेतनमान का लाभ, समय पर वेतन, समान कार्य के लिए समान वेतन, रिक्त पदों पर भर्ती, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित भुगतान सहित कई मांगों को लेकर गुरुवार को कलेक्टर और सीएमओ को पुनः अनुस्मारक सौंपा गया . अमर रोचलानी ने चेतावनी दी कि यदि 7 दिनों के भीतर कर्मचारियों की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो कांग्रेस पार्षद नगर पालिका परिसर में अधिकारियों को 'सद्बुद्धि' देने की प्रार्थना के उद्देश्य से सद्बुद्धि हवन करेंगे और इसके बाद चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू किया जाएगा .

नर्मदापुरम के खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद का भारतीय हॉकी विश्व कप टीम में चयन

नवभारत

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. जिले के इटारसी विकासखंड के ग्राम शिवपुर चंदौना के प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद का चयन एफआईएच हॉकी विश्व कप-2026 के लिए घोषित भारतीय पुरुष हॉकी टीम में हुआ है.

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 से 30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम एवं नीदरलैंड में आयोजित होगी, जिसमें भारतीय टीम विश्व विजेता बनने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी. इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर नर्मदापुरम के कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विवेक सागर प्रसाद को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पूरे नर्मदापुरम जिले और मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विवेक अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से देश, प्रदेश और जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक गौरवान्वित करेंगे तथा प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे. विवेक सागर प्रसाद का चयन उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है.

वे लंबे समय से भारतीय हॉकी टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं और अब विश्व हॉकी के सबसे प्रतिष्ठित मंच पर एक बार फिर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करेंगे.

भारतीय टीम की कप्तानी अनुभवी डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की मौजूदगी टीम को मजबूती प्रदान करेगी. मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम को अनुभव और युवा ऊर्जा का संतुलित मिश्रण बताते हुए विश्व कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन का विश्वास व्यक्त किया है. विश्व कप में भारत को पूल-डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है. भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को वेल्स के विरुद्ध करेगी.

कार्यक्रमों के लिए भाजपा ने बनाई जिला टोली

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की जयंती पर कार्यक्रमों के संचालन के लिए जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने जिला टोली का गठन किया है.भाजपा जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित ने बताया कि मुकेश चंद्र मैना को जिला संयोजक बनाया गया है. वहीं नीतू यादव, ममता नागवंशी, दिनेश चौधरी और माखनलाल चौधरी को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है. उन्होंने बताया कि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिलेभर में सामाजिक समरसता, सेवा और जनसंपर्क से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

नि :शुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 90 बालिकाओं का पंजीयन

हरदा , 23 जुलाई .संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, हरदा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत नि:शुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने बालिकाओं को पिंक ड्राइविंग लाइसेंस वितरित करते हुए उन्हें यातायात नियमों का पालन करने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 90 बालिकाओं का पंजीयन किया गया.इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत संचालित नि:शुल्क सशक्त वाहिनी कक्षा सहित विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा बालिकाओं को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया. इस दौरान वन स्टॉप सेंटर, हरदा द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई. महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में जागरूक करते हुए आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की गई. बालिकाओं को सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के प्रति जागरूक करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित शासकीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करना रहा. महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला हरदा के परियोजना अधिकारी श्री अनुराग दुबे, प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री भारती भल्लवी एवं अन्य कर्मचारी महाविद्यालय के प्राध्यापकगण रहे.

जंगली सुअर के हमले से महिला लहूलुहान

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. जिले के ग्राम डोढ़ई में गुरुवार सुबह जंगली सुअर के हमले से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई.घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल नर्मदापुरम में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, ग्राम डोढ़ई निवासी राधा यादव सुबह करीब 8 बजे खेत जाने के लिए घर से निकली थीं. घर से कुछ ही दूरी पर अचानक एक जंगली सुअर ने उन पर हमला कर दिया. हमले में उनके दोनों हाथ, पैर, कमर और गंभीर चोटें आईं, जबकि हाथ का अंगूठा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

हरदा को मिली 404 करोड़ की सौगात

- तीन सिंचाई परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

हरदा, 23 जुलाई. हरदा जिले के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है. मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के अनुपूरक बजट में जिले की तीन प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के लिए 404 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है.

यह राशि शहीद इलाप सिंह माइक्रो सिंचाई योजना (168 करोड़), हंडिया बैराज परियोजना (134 करोड़) और मोरण्ड गंजाल सिंचाई परियोजना (102 करोड़) के लिए दी गई है. हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने बताया कि विधानसभा के मानसून सत्र में उन्होंने इन परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त बजट की मांग प्रमुखता से उठाई थी, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया. उन्होंने कहा कि अतिरिक्त राशि मिलने से निर्माण कार्यों में तेजी आएगी, वित्तीय बाधाएं दूर होंगी और हजारों किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा.

डॉ. दोगने ने कहा कि हरदा के विकास और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में लगातार उठाया जाएगा तथा परियोजनाओं को समय पर पूरा कराने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया जाएगा.

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में नर्मदापुरम की बड़ी छलांग

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व सेवाओं को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है. राजस्व मामला प्रबंधन प्रणाली (आरसीएमएस) के तहत 24 जून से 23 जुलाई 2026 के बीच नर्मदापुरम जिले ने सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है.

जिले ने 3,302 में से 3,232 मामलों का निराकरण कर 97.9 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। राज्य स्तरीय रैंकिंग में जिला 30वें से सीधे 10वें स्थान पर पहुंच गया, जो 20 स्थानों की ऐतिहासिक छलांग है. वहीं नामांतरण के 9,248 में से 7,178 प्रकरणों का निराकरण कर जिला 14वें से 8वें स्थान पर पहुंच गया. बंटवारा प्रकरणों में भी निराकरण प्रतिशत 61.5 से बढ़कर 70.9 प्रतिशत हो गया. समीक्षा अवधि में 3,157 नए प्रकरण दर्ज होने के बावजूद प्रशासन ने 3,702 अतिरिक्त मामलों का निराकरण किया.

अधूरी पुलिया से रोड बंद, जनता बेहाल

बनखेड़ी, 23 जुलाई. नगर परिषद द्वारा अस्पताल रोड स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण के लिए करीब 20 दिन पहले नाले की खुदाई की गई, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है.

इससे अस्पताल, जनपद पंचायत कार्यालय, कन्या शाला स्कूल, बीआरसी कार्यालय और बाजार तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद है. मरीजों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.जानकारी के अनुसार पहले छोटे और फिर बड़े पाइप लगाए गए, लेकिन दोनों को अनुपयुक्त बताकर हटा दिया गया. बाद में पिलर वाली पुलिया बनाने का निर्णय लिया गया, लेकिन ठेकेदार बारिश का हवाला देकर काम शुरू नहीं कर रहा है. सड़क बंद होने से स्थानीय बाजार और दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हुआ है. नागरिकों ने नगर परिषद से जल्द निर्माण कार्य पूरा कर मार्ग खोलने की मांग करते हुए सवाल उठाया है कि बिना पूरी तैयारी के खुदाई कर आम जनता को परेशानी में क्यों डाला गया.

आयोजन पवारखेड़ा में नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान के तहत एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

नशे से दूरी ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाने तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और लक्ष्यपरक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से नर्मदापुरम स्थित पीएम श्री विद्यालय (नवोदय), पवारखेड़ा में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में नर्मदापुरम रेंज के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने

विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर नशे के दुष्परिणामों, उससे बचाव के उपायों तथा जीवन में अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था. विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा. पूरे आयोजन का उद्देश्य युवाओं में यह संदेश देना था कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है.

नशा व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को करता है प्रभावित- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नर्मदापुरम रेंज के पुलिस महानिरीक्षक चंद्रशेखर सोलंकी ने कहा कि युवाओं के सामने आज अनेक चुनौतिया हैं, जिनमें नशे की बढ़ती प्रवृत्ति सबसे गंभीर है. उन्होंने कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा या मित्रों के दबाव से होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर बना

लक्ष्य पर रखें ध्यान, नशे से बनाएं दूरी

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता .आत्मविश्वास ही सफलता का वास्तविक आधार हैं . उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया और गलत संगति से सावधान रहने तथा अपने समय का सदुपयोग शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों में करने की सलाह दी .

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन ने भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया.

मंत्रों के जाप के साथ हुआ एक कुण्डीय यज्ञ

- 200 सीड बॉल रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. अखिल विश्व गायत्री परिवार, नर्मदापुरम के तत्वावधान में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित परमानंद मालवीय के निवास पर 24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक जाप एवं एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ.

यह आयोजन गायत्री परिवार द्वारा संचालित 24 हजार गायत्री मंत्र जाप एवं एक कुण्डीय यज्ञ श्रृंखला का 12वां कार्यक्रम था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया.कार्यक्रम के समापन के बाद गायत्री परिवार के सदस्यों ने कलेक्टर द्वारा संचालित नवांकुर अभियान में सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बड़े हनुमान मंदिर के पीछे स्थित पार्क में गायत्री मंत्रों के उच्चारण के साथ 200 सीड बॉल का रोपण किया गया। इस पहल का उद्देश्य हरियाली बढ़ाने के साथ लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करना था.गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने कहा कि आध्यात्मिक साधना के साथ पर्यावरण संरक्षण भी समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है. इसी सोच के साथ धार्मिक आयोजनों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए वृक्षारोपण और हरित अभियान चलाए जा रहे हैं. उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया.